# ग्राम चारगांव प्रहलाद और झिरलिंगा में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला पंचायत सी.ई.ओ. एवं उप संचालक सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण विभाग पी. राजोदिया के मार्गदर्शन में जिले में नशा मुक्ति अभियान लगातार चलाया जा रहा है, जो कि साल भर सतत निरंतर जारी रहेगा। इसी के अंतर्गत गत दिवस शासकीय कला पथक दल सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत चारगांव प्रहलाद एवं झिरलिंगा में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत परिवार समाज एवं घरों-घर बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों को नशे से दूर रखने के सुझाव दिए गए। साथ ही नशे से होने वाली नुकसान हानियों को समझाया गया। नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई, स्वच्छता के बारे में सुखसागर कोडके द्वारा बच्चों को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में सुरेश कुमरे द्वारा उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शासकीय कला पथक दल के प्रमुख कलाकार नरेंद्र पाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दोनों स्कूलों के सभी स्टाफ एवं प्राचार्य का विशेष सहयोग रहा। झिरलिंगा स्कूल में उमा पवार ने आभार व्यक्त किया एवं चार गांव प्रहलाद हाई स्कूल में सुश्री धुर्वे ने आभार व्यक्त किया। साथ ही विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के प्रयास में ऐसे कार्यक्रम निरंतर जारी रखने का आग्रह किया गया।

# जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक चार दिसंबर को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार ने बताया कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 04 दिसंबर 2024 बुधवार को दोपहर 01 बजे से जिला पंचायत कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में आयोजित की गई है ।

उन्होंने बताया कि इस बैठक में जिला पंचायत छिन्दवाडा की पूर्व बैठक में पारित प्रस्ताव पर कार्यवाही पालन प्रतिवेदन संबंधित विभागों के एजेण्डा के साथ चर्चा, जिला पंचायत छिन्दवाड़ा अन्तर्गत 15 वां वित्त आयोग के कार्यों की चर्चा एवं समीक्षा, जिला पंचायत छिन्दवाड़ा अन्तर्गत मनरेगा के कार्यो की चर्चा एवं समीक्षा, लोक निर्माण विभाग अन्तर्गत निर्माण कार्यो की चर्चा एवं समीक्षा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक के निर्माण कार्यो की चर्चा एंव समीक्षा, स्वास्थ्य विभाग की चर्चा एवं समीक्षा, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग संभाग क्रमांक एक के कार्यों की चर्चा एंव समीक्षा, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग संभाग क्रमांक दो के कार्यों की चर्चा एवं समीक्षा और अन्य विषय पर चर्चा की जायेगी।

उन्होंने छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार, उपाध्यक्ष अमित सक्सेना और सामान्य सभा के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति की अपील की है, साथ ही कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा है कि वे सम्पूर्ण तैयारी एवं दस्तावेजों के साथ बैठक में उपस्थित होवे ताकि चल रहे निर्माण कार्यो एवं योजनाओं का पूर्ण ब्यौरा बैठक में रख सके और कहां किस प्रकार की कठिनाई आ रही है इस पर भी चर्चा हो सके। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण आवश्यक रूप से बैठक में शामिल होवे, विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के शामिल नहीं होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

# रेल कर्मियों ने दिया भारतीय रेल मजदूर संघ को समर्थन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय रेल मजदूर संघ की बैठक नीता विवेक चौबे (अखिल भारतीय उपाध्यक्ष), भारतीय मजदूर संघ, राकेश श्रीवास्तव, संजय सिंह शक्रवार, महेंद्र मौर्य, शिव मालवी, अब्दुल भाई, सुरेंद्र विश्वकर्मा, पुरुसोत्तम, भारती साहू, श्री उईके, भीम डेहरिया, श्री बट्टी, मिलिंद, राजेश और रेल कर्मियों की उपस्थिति मे संपन्न हुई।

आज की बैठक रेल यूनियन की मान्यता के लिए आगामी 04, 05 और 06 दिसंबर को चुनाव पर चर्चा हेतु आहूत की गई। चुनाव प्रचार के दौरान रेल कर्मियों का भारतीय रेल मजदूर संघ को भारी समर्थन प्राप्त हो रहा है।

## सार-समाचार

### बाल हृदय रोग चिकित्सा विशेष शिविर जिला अस्पताल में आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन और विशेष सहयोग तथा रोटरी क्लब छिंदवाड़ा की सहभागिता से आयोजित किए जा रहे सौ दिन-सेवा, संकल्प और स्वास्थ्य के अभियान में आज छिंदवाड़ा जिला चिकित्सालय के पांचवें फ्लोर में विशेष बाल हृदय रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के अध्यक्ष दीपक खण्डेलवाल ने बताया कि सांसद बंटी विवेक साहू के मुख्य आतिथ्य एवं रोटरी गवर्नर अनीश मलिक (इन्दौर) के विशेष आतिथ्य में यह शिविर सम्पन्न होगा। इस शिविर में मुंबई की नारायण संस्थान की डॉ. प्रिया प्रधान और उनकी टीम उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के अध्यक्ष दीपक खण्डेलवाल ने बताया कि बाल हृदय चिकित्सा कार्यक्रम और रोटरी क्लब के षिफ्ट ऑफ लाईफ प्रोग्राम के तहत यह विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में मुंबई के नारायण संस्थान की टीम आकर छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के शून्य से 18 वर्ष की उम्र के उन बच्चों की जांच की जाएगी जो जन्मजात अति गंभीर हृदय समस्याओं से पीड़ित हैं। इस शिविर में चयनित बच्चों के नि:शुल्क ऑपरेशन जैसे दिल में छेद बंद करने आदि मुंबई के स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स द्वारा किए जाएंगे। शून्य से 18 वर्ष की आयु के बच्चों में अन्य जन्मजात हृदय रोगों की जांच और उपचार भी सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा।

श्री खण्डेलवाल ने बताया कि इस शिविर में 2 डी ईको आदि सुविधाएं भी नि:शुल्क उपलब्ध होंगी। मुंबई के नारायण संस्थान से इस शिविर के लिए छिंदवाड़ा आ रही टीम का नेतृत्व डॉ. प्रिया प्रधान कर रही हैं जो भारत सहित न्यूजीलैंड और इटली से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं। शिविर में ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए बच्चों को मुंबई ले जाकर उनके ऑपरेशन भी सुप्रसिद्ध डॉक्टर्स द्वारा किए जाएंगे।

### कांग्रेस सेवादल छिन्दवाड़ा ग्रामीण की बैठक आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार छिन्दवाड़ा ग्रामीण कांग्रेस सेवादल क्षेत्रीय व ब्लॉक अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक आज 30 नवम्बर 2024 को आयोजित की जाएगी। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष की बैठक 30 नवम्बर 2024 को दोपहर 2 बजे स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में आहुत की गई है। आयोजित बैठक में ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### कांग्रेस सेवादल ने स्कूलों का समय बदलने की मांग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बढ़ती ठण्ड के मद्देनजर शासकीय व निजी स्कूलों के समय में परिवर्तन किए जाने की मांग कांग्रेस सेवादल के द्वारा की गई है। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह से लगातार ठण्ड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है ऐसे में सुबह की पाली में लगने वाले शासकीय व निजी स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दोपहर के समय में लगवाया जावे। कांग्रेस सेवादल ने जिला कलेक्टर का ध्यानाकर्षण कराते हुये कहा कि ठण्ड की वजह से बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा। ठण्ड के मद्देनजर सुबह की पाली में लगने वाले सभी स्कूलों के समय में परिवर्तन किया जाए ताकि बच्चे दोपहर के समय में स्कूल पहुंचे जिससे उन्हें ठण्ड का सामना नहीं करना पड़ेगा क्योंकि आने वाले दिनों में ठण्ड और अधिक बढ़ेगी जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ेगा की बात कही है।

### भाजपा की जिला कार्यशाला आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिला महामंत्री टीकाराम चन्द्रवंशी ने बताया कि संगठन पर्व 2024 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव एवं सांसद बंटी विवेक साहू की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय लालबाग रोड छिंदवाड़ा में 30 नवम्बर 2024, दिन शनिवार को सायं 4 बजे आहूत की गई है। इस जिला स्तरीय कार्यशाला में जिला पदाधिकारी, सांसद, विधायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष, मोर्चो के जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, महापौर, नगरपालिका एवं नगपरिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जिला निर्वाचन टोली, मंडल पर्व सहयोगी अपेक्षित रहेंगे ।

# रेड रिबन क्लब की आयोजित पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम



## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भूमिका धुर्वे रहीं प्रथम स्थान पर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य एड्स नियंत्रण समिति, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, अरेरा हिल्स भोपाल से प्राप्त पत्र क्रमांक 2129 के परिपालन में पी एम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा के संरक्षण में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंशाराम उईके, प्रो. महेंद्र साहू व महिला ईकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि डोडानी के मार्गदर्शन तथा रेड रीबन क्लब के तत्वाधान में जागरुकता कार्यक्रम अंतर्गत कॉलेज में आयोजित की गई। स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवको ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एड्स जागरुकता संबंधी तरह-तरह के पोस्टर बनाए व स्लोगन को लिखा जिसमें पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान भूमिका धुर्वे ने प्राप्त किया तथा स्लोगन लेखन में अंशिका सिंगारे प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक विशाल सलामे, रेड रीबन क्लब अध्यक्ष अमित बारई, स्वयंसेवक संकल्प विश्वकर्मा लोकेश सनोडिया, चंचलेश साहू, आशीष वर्मा, योगेश डेहारिया, दीपाली, भगवती, मुस्कान आदि स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

# गृह विज्ञान विभाग ने घरेलू हिंसा से संबंधित कार्यक्रम का किया आयोजन





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा की प्राचार्य डॉ. अस्मिता मुंजे के निर्देशन में कल 29 नवम्बर 2024 को गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना मैथ्यू के मार्गदर्शन में घरेलू हिंसा विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सब इंस्पेक्टर तृशला मित्तल द्वारा छात्राओं को अनेक प्रकार की घरेलू हिंसा अन्तर्गत आस पडोस, स्वयं के घर में भी यदि कोई मारपीठ या मानसिक हिंसा होती है तो शिकायत दर्ज की जा सकती है, हेल्पलाईन नम्बर की जानकारी साथ ही महिला सुरक्षा के नए एप्प की जानकारी जिसमें ऑनलाईन फोटो खीचकर शिकायत दर्ज की जा सकती एवं सुरक्षा आदि जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उनकी पूरी टीम के द्वारा छात्राओं को घरेलू हिंसा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यकम में गृह विज्ञान विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अनिता मिश्रा, प्रो. रिकी भाबर, संध्या गजभिए, डॉ. कविता जुनेजा, किरण धस एवं समस्त स्टाफ के साथ महाविद्यालय की छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

# स्वास्थ्य शिविर में 171 मरीजों का हुआ उपचार, मिली दवा





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर आयोजित किए जा रहे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों के अंतर्गत आज 70 वां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर अमरवाडा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रातामाठी में सम्पन्न हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ होकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले स्वास्थ्य शिविर में आज ग्राम रातामाठी में शिविर के दौरान 171 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाये गए 7 मरीजों को जिला चिकित्सालय उपचार के लिए रेफर किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में प्रमुख रूप से विधायक कमलेश शाहए मंडल अध्यक्ष सुमित गुप्ता, नितिन तिवारी, दीपक नेमा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। आज का शिविर पाण्ढुर्णा जिले के भुताई में आयोजित है।

# भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा लगाने की पहल करे नगर निगम : शोभना राय

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत रत्न और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा लगाने की पहल नगर निगम को करनी चाहिए। उक्ताशय की मांग पार्षद शोभना राय ने नगर निगम आयुक्त से की है।



शोभना राय ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री बाजपेयी की प्रतिमा लगाने सम्बन्धित प्रस्ताव पूर्व में नगर निगम परिषद द्वारा स्वीकृत किया गया है। प्रतिमा लगाने हेतु स्थान भी चिन्हित किया गया है। लेकिन अधिकारियों द्वारा इस विषय में आगे की कार्यवाही नहीं की गई है।

इसी प्रकार से आदि गुरु शंकराचार्य एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भी प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव नगर निगम के अधिकारियों द्वारा ठंडे बस्ते में डाल रखा है । नगर निगम के अधिकारी सिवर लाइन से लेकर सड़क निर्माण के करोड़ों रुपए तक के प्रस्ताव रुचि लेकर परिषद से स्वीकृत कराते है लेकिन महापुरुषों की प्रतिमा लगाने के लिए आना कानी करते हैं। आगामी 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती है उससे पूर्व निगम के पदाधिकारी, अधिकारी इस विषय पर गंभीर पूर्वक विचार कर करना चाहिए।

# निगम उपायुक्त ने ली राजस्व समीक्षा बैठक, संपत्ति बिल वितरण हुआ प्रारंभ, पांच दिसम्बर से लगेंगे कैम्प

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर शुक्रवार को नगर निगम उपायुक्त कमलेश निरगुडकर ने निगम सभाकक्ष में राजस्व वसूली की समीक्षा की। विगत वर्ष बंद हुए पोर्टल के उपरांत लगभग एक वर्ष से भी अधिक समय के बाद संपत्ति कर बिल सोमवार से वितरित किए जाएंगे। इसके उपरांत 05 दिसम्बर से नगर निगम के सभी 48 वार्डो में संपत्ति कर एवं जलकर हेतु विशेष कैंप लगाए जाएंगे। उपायुक्त ने बैठक में वार्ड के सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को मिनी कैंप लगाने एवं शत प्रतिशत बिल वितरण के निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त ने विगत वर्ष के बकायदारों से भी सख्ती से राजस्व वसूली के निर्देश दिए। इसके साथ ही जलकर वसूली की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय रिकॉर्ड में त्रुटि सुधार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त ने बकायदारों को लोक अदालत का नोटिस देने एवं पूर्व में जारी नोटिस के आधार पर बकायदारों के नल कनेक्शन विच्छेद करने के निर्देश दिए।



बैठक में उपायुक्त कमलेश निरगुडकर, राजस्व अधिकारी साजिद खान, राजस्व प्रभारी राजकुमार पवार, राजस्व निरीक्षक शेखर पटेल, धर्मेंद्र माहोरे, ऋषभ स्थापक, मनोज पवार एवं पवन सोनी सहित समस्त संपत्ति कर वसूलीकर्ता एवं जलकर वसूलीकर्ता उपस्थित रहे।

# गुरैया में तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय का हुआ वेदी सूतन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** धर्म नगरी गुरैया में सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज एवं युवा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जिनवाणी अस्थाप, कलशारोहण, वेदी प्रतिष्ठा एवं तिलक महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ साआनंद हुआ। आयोजक मंडल की सुंदर एवं शानदार व्यवस्था सहित अतिथि सत्कार ने पूरे देश से पधारे हजारों जिनशासन सेवक गुरुभक्तों के दिल पर गुरैया की अमित छाप पड़ी और सभी ने सफल आयोजन की अनुमोदना कर शुभकामनाएं दीं।



महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि तृतीय दिवस शुक्रवार को सौभाग्यशाली 55 जोड़ों सहित नन्हे मुन्ने जिनशासन सेवकों ने बहुत ही श्रद्धा एवं भक्ति भाव पूर्वक मंत्र जप करते हुए वेदी सूतन कर परम पवित्र जिनशासन की मंगल प्रभावना की। सभी ने शुद्धात्म नगरी में आनंद उत्सव कर ऐतिहासिक महोत्सव की अनुमोदना कर तिलक महोत्सव में हिस्सा लेकर मंदिर विधि के माध्यम से वीतराग देव-शास्त्र-गुरु भगवंतों को नमन कर भक्ति भाव पूर्वक चंबर नृत्य किया। इस अवसर पर शुद्धात्म नगरी मानो समवशरण जैसी प्रतीत हो रही थी जहां सभी श्रावक-श्राविकाएं विनय पूर्वक मां जिनवाणी का रसास्वादन कर रहे थे। मंगल महोत्सव में बाल ब्रह्मचारी आत्मंदन, शांतानंद, वैराग्य भैया, राकेश भैया, रजत भैया सहित बड़ी संख्या में साधकगण, ब्रह्मचारी बहनों के साथ विद्वतजन, श्रेष्ठिजन, महासभा न्यास, युवा परिषद की राष्ट्रीय इकाई के पदाधिकारी एवं श्रावक-श्राविकाऐं उपस्थित रहे।

# बिजली बिल की विसंगतियों को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा की सरकार में किसान से लेकर आम उपभोक्ता बिजली कम्पनियों के हाथों लुटने को मजबूर है। कभी स्मार्ट मीटर के नाम लूटा जा रहा है। किसानों से तीन एच पी की मोटर का बिल पांच एच पी का वसूलकर विद्युत कम्पनी भाजपा की जेब भर रही है। बेतहाशा बिजली की कटौती, विद्युत उपकरणों का खराब होना और समय पर किसानों को विद्युत प्रदाय नहीं किया जाना अब आम बात हो चुकी है। कांग्रेस ने विद्युत से सम्बंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर आज बिजली कम्पनी के अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल व्यवस्था बनाने व उचित कार्रवाई की मांग की है।



कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया कि छिंदवाड़ा शहर में विगत कई महीनों से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था लचर होने से उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद अचानक बिजली बिलों में विसंगतियों से उपभोक्ता परेशान है। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा उपभोक्ताओं पर जबरन स्मार्ट मीटर थोपे गए। इसके उपरांत जबलपुर मुख्यालय से बिलों की रीडिंग व समयावधि में भुगतान न होने पर मुख्यालय से पूर्व सूचना उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे। मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए खर्च करने पर भी जिले में अघोषित बिजली कटौती वोल्टेज की समस्या ट्रांसफार्मर बंद ओवरलोड ट्रांसफार्मर सुरक्षा एवं खराब पड़े ट्रांसफार्मर से किसानों को मिलने वाली सिंचाई हेतु बिजली बाधित हो रही है। सर्द मौसम में किसानों को रतजगा करना पड़ रहा है फिर भी पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिलने से खेतों की फसलें खराब हो रही है।

कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने ज्ञापन प्रस्तुत करते समय कहा कि सर्दियों के मौसम में बिजली के बिलों में खपत के अनुसार जो बिल आना चाहिए वह नहीं आ रहे। खपत कम होने के बाद भी उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिल कंपनी के द्वारा जारी किए जा रहे हैं। विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगवाना है या नहीं लगवाना है यह वैकल्पिक है जो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) में स्पष्ट उल्लेखित है विभाग के द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को लगातार 24 घण्टे व किसानों को 10 घंटे सिंचाई हेतु बिजली के आपूर्ति के दावे खोखले साबित हो रहे। ऐसी ही अन्य अनेकों समस्याओं को लेकर शहर संभाग अभियंता शरद बिसेन एवं सहायक अभियंता को ज्ञापन प्रस्तुत कर कांग्रेस ने इन समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की है।

ज्ञापन प्रस्तुत करते समय राहुल दुबेए नारु सोनीए अरुण शर्माए राजेन्द्रनाथए सुनील तिवारीए अनिल यादव व पंकज चौहान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**परासिया, देशबन्धु।** जनपद शिक्षा केंद्र परासिया जुन्नारदेव एवं तामिया के जन शिक्षक एवं बीएसी का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन विकासखंड स्रोत समन्वयक परासिया श्याम कुमार गुन्हारे की उपस्थिति में मॉडल स्कूल खिरसाडोह में किया गया।

कार्यशाला में जन शिक्षक वीरेंद्र शर्माए दुर्गेश पवार एवं राजेश धुर्वे के द्वारा मेंटर का कार्य किया गया। तीनों विकासखंड के लगभग 60 सीएसी और बीएसी की उपस्थिति में निपुण भारत अभियान एवं मिशन अंकुर के लक्ष्य से सभी को अवगत कराया गया। वही 2027 को लक्ष्य कर मापदंड पूरा करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

मेंटरिंग एप में आने वाली समस्या एवं उसका निदानात्मक उपचार पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्मुखीकरण कार्यशाला में परासिया बीएसी सोनिया सराठी, विनोद सोनी, वंदना राय, तामिया बीएसी चंद्रशेखर कुशवाहा, जामई बीएसी रमेश प्रजापति के साथ सभी जन शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर मॉडल स्कूल के प्राचार्य देवी सिंह चोरिया का सुविधा प्रदान करन के लिये आभार प्रदर्शन किया गया।

# जेंडर आधारित घरेलू हिंसा रोकथाम अभियान का हुआ आयोजन





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिये विशेष जागरूकता अभियान हम होंगे कामयाब पखवाडा 25 नवंबर 2024 से 10 दिसंबर 2024 तक जागरूकता अभियान आयोजित करने के लिये संचानालय म.प्र. भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभागए गृह (पुलिस) विभाग, विधिक सेवा, जनसंपर्क विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, अल्पसंख्यक तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, धर्मस्व विभाग, परिवहन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, नगर निगम आदि के संयुक्त तत्वावधान में 16 दिवसीय गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

घरेलू हिंसा रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत आज घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम पर संवाद कार्यक्रम और ओ.एस.सी. संबंधित गैर सरकारी संगठनों ऊर्जा डेस्क आदि के संबंध में जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम जिले के सभी स्कूलों में आंगनवाडियों में एवं जिले में संचालित अशासकीय संस्थानों में किया गया। इस कार्यक्रम में व्यापक स्तर पर जिले के निवासियों ने अपनी सहभागिता दी।

## सार-समाचार

### दिव्यांगजनों के रेलवे कन्सेशन स्मार्ट कार्ड बनाने के लिये स्टेशन परिसर में शिविर आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण-पश्चिम मध्य रेल्वे नागपुर एवं स्वास्थ्य विभाग जिला छिन्दवाडा द्वारा दिव्यांगजनों के रेल्वे कन्सेशन स्मार्ट कार्ड बनवाने के लिये आज 30 नवंबर 2024 को समय प्रात: 10:00 से शाम 05:00 बजे तक छिन्दवाडा रेल्वे स्टेशन परिसर में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

इस संबंध में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा नगर पालिक निगम आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र छिंदवाड़ा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व सभी मुख्य नगर पालिका/परिषद अधिकारी छिंदवाड़ा/पांढुर्णा को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने निकाय के अतंर्गत निवासरत दिव्यांगजनों को आयोजित शिविर में वांछित दस्तावेजों दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी, समग्र आई.डी., आधार कार्ड, 2 फोटो (दिव्यांगता दर्शाती हुई), पूर्व में जारी रेल्वे कन्सेशन स्मार्ट कार्ड इत्यादि के साथ इस शिविर में निकाय स्तर से दिव्यांगजनों को लाने व वापिस ले जाने की व्यवस्था कर अधिक से अधिक संख्या में दिव्यांगजनों को उपस्थित कराये जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। भाजपा की जिला कार्यशाला होगी आज जिला निर्वाचन अधिकारी हेमंत खंडेलवाल रहेंगे उपस्थित

### नगर पालिक निगम में कार्यरत श्रवण चंद्रवंशी सेवानिवृत्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा में कार्यरत श्रवण चंद्रवंशी अपनी अधिवार्षिकी आयु 62 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को सेवा निवृत्त हुए। सेवा निवृत्ति पर उन्हें पुष्प गुच्छ, फूलमाला, शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। श्री कुरैशी ने 25 वर्ष तक निकाय में अपनी सेवाएं दी। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर समस्त कार्यालय स्टॉफ ने स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर नगर निगम उपायुक्त कमलेश निरगुड़कर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वन विभाग ने सुरक्षा की दृष्टि से सांवरी क्षेत्र में ग्रामीणों को चेताया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वन विभाग को सांवरी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत बाघ के पगमार्ग मिलने से उन्होंने आसपास के ग्रामीणों को सुरक्षा की दृष्टि से चेतावनी जारी की है कि रात्रि में अकेले घर से बाहर न निकले साथ ही खेतों में भी अकेले न रहे, झुण्ड में खेतों में काम करें।

### भाजपा की कार्यशाला आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिला महामंत्री टीकाराम चन्द्रवंशी ने बताया कि संगठन पर्व 2024 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल जीए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव जी एवं सांसद श्री बंटी विवेक साहू जी की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय लालबाग रोड छिंदवा?ा में दिनांक 30 नवम्बर 2024ए दिन शनिवार को सायं 4 बजे आहूत की गई है। इस जिला स्तरीय कार्यशाला में जिला पदाधिकारीए सांसदए विधायकए भाजपा मंडल अध्यक्षए मोर्चो के जिलाध्यक्षए जिला पंचायत उपाध्यक्षए जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षए महापौरए नगरपालिका एवं नगपरिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षए जिला निर्वाचन टोलीए मंडल पर्व सहयोगी अपेक्षित रहेंगे।

### डीसीए छिंदवाड़ा ब्लॉक का विजेता बना सर्कुलर बॉयज

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** सर्कुलर बॉयज क्लब ने एसीसी क्लब को 29 रनों से हराकर डीसीए विजेता ब्लॉक छिंदवाड़ा होने का गौरव हासिल किया। आज के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि में जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष जेपी सिंह, सचिव आशीष त्रिपाठी, आनंद बंशी श्री राजीव सहस्त्रबुद्धे, वरिष्ठ खिलाड़ी श्रीकांत दुबे उपस्थित रहे। विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन असलम खान ने किया व आभार प्रदर्शन बाबूलाल चौहान द्वारा किया गया। आज का फाइनल मैच सर्कुलर बॉयज क्लब छिंदवाड़ा व एसीसी क्लब छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सर्कुलर बॉयज क्लब ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 154 रन बनाए। जिसमें 48 रन शांतनु राजपूत व 26 रन श्रीमन्त पाटणकर ने बनाये। एसीसी क्लब के गेंदबाज शाहबाब परवेज ने 2 विकेट लिए। 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसीसी क्लब 17.2 ओवर में 10 विकेट पर 125 रन ही बना सकी। एसीसी क्लब के बल्लेबाज अबुजर खान ने 35 व शाहबाब परवेज ने 29 रन नाबाद बनाये। सर्कुलर बॉयज के गेंदबाज पूर्णांक राव पवार ने 4 व श्रीमन्त पाटणकर ने 3 विकेट लिए। मैच 29 रनों से सर्कुलर बॉयज क्लब ने जीतकर फाइनल विजेता होने का गौरव हासिल किया। व्यक्तिगत पुरूस्कार में टूर्नामेंट में शतक लगाने वाले खिलाड़ी अबुजर खान व मानव शर्मा को अपर व पूर्णांक पवार व शाहबाब परवेज को अपर प्रदान किया गया।

# जले ट्रांसफार्मर शीघ्र सुधारें : योगेश

## जनपद पंचायत अमरवाड़ा में कृषि स्थायी समिति की बैठक



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत अमरवाड़ा में आज कृषि स्थाई समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें किसानों से संबंधित विभिन्न समस्याओं ओर परेशानियों को लेकर कृषि स्थाई समिति के सभापति योगेश यादव ने विभिन्न विभागों से उपस्थित विभाग प्रमुखो को किसानों के हितार्थ हेतु चलाई जा रही शासन की विभिन्न योजनाओं का समय सीमा पर क्रियान्वयन सहित समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दियेए विभागीय समीक्षा के दौरान बैठक में उपस्थित जनपद सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्रो में बंद एवं जले हुए ट्रांसफार्मरो का मुद्दा उठाया, जिस पर उपस्थित विद्युत विभाग के.डी. साहब ने किसानों की समस्या को सुना जिस पर सभापति योगेश यादव ने जनपद क्षेत्र में बंद एवं जले हुए समस्त ट्रांसफार्मरो को शीघ्र दुरुस्त करने बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया एवं जल्द समस्याओं का समाधान करने की बात कही।

इसके अलावा कृषि उद्यानिकी विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग के वरिष्ठ आला अधिकारीयों ने अपने अपने विभाग में संचालित समस्त योजनाओं को पटल पर रखा। ओर उसके क्रियान्वयन की जानकारी दी। बैठक में कृषि स्थाई समिति के सभापति योगेश यादव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष उर्मिला मसराम, जनपद सदस्य गुरुपाल खोबरे, मंतलाल परतेती, बलराम पटेल सहित कृषि एस.ए.डी.ओ. अनीता डेहरिया, खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मयंक पनवारी, विद्युत मंडल अमरवाड़ा डी.ए. सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, उद्यानिकी विभाग अधिकारी, मत्स्य पालन अधिकारी उपस्थित रहे और शीघ्रता शीघ्र कार्य करने हेतु निर्देशित किए।

## महात्मा फुले शिक्षण संस्था ने मनाई ज्योतिबा की पुण्यतिथि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महात्मा फुले शिक्षण संस्था द्वारा महात्मा फुले की पुण्यतिथि स्थानीय राजपाल चौक मे मनाई गई समिति के पदाधिकारीयो ने महात्मा फुले की फोटो पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। समिति के संयोजक राजेश दोडके ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर नामदेव सरोदे, अशोक अंबाडकर, शांतिनाथ स्कूल के प्राचार्य राजेश दोडके, नामदेव काटोलकर, चन्द्रकिशोर माटे, सहादेव बन्नाईत, अलकेश चरपे उपस्थित थे।



### छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले के विकासखंडों में चार से 28 दिसंबर तक रोजगार मेले का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक रेखा अहिरवार ने बताया कि छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले के विकासखंडों में 04 से 28 दिसंबर 2024 को रोजगार मेले का आयोजन प्रस्तावित किया गया है।

## गर्ल्स कॉलेज में महिलाओं की सुरक्षा पर संवाद कार्यक्रम



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में कल 29 नवम्बर 2024 प्राचार्य डॉ. अस्मिता मुंजे के निर्देशन में एवं शासन के पत्रानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्तावाधान में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरुकता अभियान गतिविधियां हम होंगे कामयाब पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तगर्त आज हम होंगे कामयाब पखवाडा के अन्तर्गत घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी पूनम उसरेठे ने छात्राओं को महिलाओ के अधिकारो से संबंधित घरेलू हिंसा अधिनियम के बारें में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित हुई।

## सांसद विवेक साहू केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिले

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से दिल्ली में मुलाकात की एवं छिंदवाड़ा पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के दूरसंचार विभाग के नेटवर्क की समस्या से अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शीघ्र ही नेटवर्क ठीक करने का आश्वासन दिया।



छिन्दवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू ने केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिंया से मुलाकात के दौरान गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया

# पत्रकारों ने की पेंच टाइगर रिजर्व की सैर

## छिन्दवाड़ा प्रेस एसोसिएशन ने दो दिन किया भ्रमण, जंगल की दुनिया से हुए रूबरू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा प्रेस एसोसिएशन के सदस्यों ने दो दिनों तक पेंच टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया इस दौरान पेंच टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी, नेचर टेल, ट्रेजर हंट गतिविधियों के माध्यम से प्रकृति एवं वन्य प्राणियों को जाना। छिंदवाड़ा प्रेस एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष महेंद्र राय ने बताया कि संगठन के 32 पत्रकार सदस्यों का दल ने पेंच टाइगर रिजर्व के टुरिया गेट से शुरू हुई इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश के कर्माझिरी, जमतरा और महाराष्ट्र के खुरसरा गेट के कोर और बफर एरिया के बारे में जानकारी हासिल की।

सिवनी और छिन्दवाड़ा जिले की सीमाओं पर 292.83 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले इस राष्ट्रीय उद्यान का नामकरण इसे दो भागों में बांटने वाली पेंच नदी के नाम पर हुआ है। यह नदी उद्यान के उत्तर से दक्षिण दिशा की ओर बहती है। देश का सर्वश्रेष्ठ टाइगर रिजर्व होने का गौरव प्रात करने वाले पेंच राष्ट्रीय उद्यान को 1993 में टाइगर रिजर्व घोषित किया गया। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित इस नेशनल पार्क में हिमालयी प्रदेशों के लगभग 250 प्रजातियों के पक्षी आते हैं। अनेक दुर्लभ जीवों और सुविधाओं वाला पेंच नेशनल पार्क तेजी से पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहा है।

### टुरिया गेट में बनाया गया है इंटरप्रिटेशन सेंटर

यह सेंटर सभी उम्र के पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। यहां पर पर्यटकों को जंगलों को लेकर बहुत सी नई बातें विस्तार से जानने का मौका मिलता है। इस सेंटर में वन्य प्राणियों के स्टेच्यू बनाए गए है। आमतौर पर पर्यटक वन्य प्राणियों को दूर से देखते हैं। नजदीक से देखने में वे कैसे होते हैं। बाघ, तेंदुए व वन्य प्राणियों के शिकार करने के तरीके में क्या अंतर है गौर या सांभर जैसे विशालकाय जानवर पास से कैसे दिखते हैं, पर्यटक इस सेंटर में बेहतर तरीके से जान पाते है। क्या कारण हैं कि जंगल में चीतल और लंगूर क्यों हमेशा पास दिखते हैं।

### पेंच टाईगर रिजर्व में अब तक 123 बाघ



साल 2010 में जहां पेंच पार्क में बाघों की संख्या सिर्फ 65 थी वहीं पिछली गणना जो साल 2022 में हुई थी, उसमें संख्या बढ़कर 123 के आसपास हो गए हैं। यानी इन पिछले 12 सालों में बाघों की संख्या दोगुनी हो गई है। अखिल भारतीय बाघ आंकलन की बात करें तो पूरे देश में साल 2022 में संख्या 3682 है, जिसमें से 123 पेंच नेशल पार्क में हैं। हर चार साल में आल इंडिया सेंसस के तहत बाघों की गणना होती है, जिसके हर चार साल में हुई बाघों की गणना में इनकी संख्या बढ़ी है। साल 2022 में हुई इस गणना के बाद अब 2026 में गिनती होगी, अधिकारियों की माने तो बाघों की संख्या और बढ़ेगी। पिछले कुछ सालों में लगातार बाघों के मूवमेंट के बाद यह तो तय है कि यह आंकड़ा आने वाली गणना में बढ़ जाएगा।

### बाघ के दीदार के लिए विदेशी सैलानियों बन रहा डेस्टिनेशन

पेंच नेशनल पार्क के लिए पड़ोसी जिले सिवनी के प्रवेश द्वार पर्यटकों को पसंद आते हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों में छिंदवाड़ा जिले के जमतरा गेट से भी पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक की बात करें तो कुल 1877 देशी पर्यटकों ने पेंच पार्क का भ्रमण किया हैण् वहीं विदेशी पर्यटकों की संख्या 73 रही। इस साल अकेले जमतरा गेट से पेंच पार्क प्रबंधन के 10,90,070 रुपए की आय हुई है। सिवनी जिले के टुरिया और कर्माझिरी गेट के अलावा छिंदवाड़ा जिले के जमतरा गेट से पर्यटक को पार्क की सैर कराई जाती है। पेंच नेशनल पार्क के उपसंचालक रजनीश सिंह ने बताया कि पेंच नेशनल पार्क में वर्ष 2022 को हुई गणना में बाघों की संख्या 123 आई है। वन्यप्राणियों के अनुकुल मौसम और वन्य प्राणी संरक्षण के लिए लोगों में जागरुकता भी इसकी वजह है।

### एक नजर में पेंच टाईगर रिजर्व की कहानी

पेंच राष्ट्रीय उद्यान एक जंगली खेल का मैदान है, जिसमें देश के सबसे ज़्यादा शिकार करने वाले जानवर पाए जाते हैं। 1983 में इसे राष्ट्रीय उद्यान और 1992 में बाघ अभयारण्य घोषित किया गया।

पेंच टाइगर रिजर्व 1,180 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, जिसमें 768 वर्ग किलोमीटर का बफर जोन भी शामिल है। यह मध्य प्रदेश के सिवनी और छिंदवाड़ा प्रशासनिक जिलों के अंतर्गत आता है और महाराष्ट्र के साथ दक्षिणी सीमा साझा करता है। पेंच टाइगर रिजर्व में इंदिरा प्रियदर्शिनी पेंच राष्ट्रीय उद्यान, पेंच मोगली अभयारण्य और बफर वन शामिल हैं।